दिनांक : 16/03/2026 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल में किसान कल्याण अभिमुखीकरण कार्यक्रम में शामिल होंगे।
- लोकसभा में आज रेल और कृषि मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा होगी।
- निर्वाचन आयोग ने असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा की।
- मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश में गैस आपूर्ति की प्रतिदिन समीक्षा, कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई में 1357 सिलेंडर जब्त और 8 एफआईआर दर्ज।

अब समाचार विस्तार सेः-

किसान कल्याण कार्यक्रम-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल में किसान कल्याण अभिमुखीकरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में दोपहर दो बजे वे जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों से किसान कल्याण की योजनाएं साझा करेंगे। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होगा, जिसमें कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन और पशुपालन विभाग की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

संसद सत्र-चर्चा

लोकसभा में आज रेल मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा और मतदान होगा। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की अनुदान मांगों पर भी चर्चा होगी। राज्यसभा में विनियोग विधेयक 2026 पर विचार किया जाएगा। यह विधेयक संचित निधि से खर्च की गई राशि को अधिकृत करने के लिए है।

शिवपुरी दौरा-ज्योतिरादित्य सिंधिया

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज शिवपुरी के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। दोपहर दो बजे वे सीएम राईज स्कूल में अब तक के सबसे बड़े निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर वे दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण भी वितरित करेंगे। वहीं कल शाम श्री सिंधिया ने चंदेरी में बैजू बावरा संगीत समारोह का दीप जलाकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि चंदेरी सदियों से कला और संस्कृति की पहचान रही है और अब यह पर्यटन में भी नई पहचान बना रही है।

विधानसभा चुनाव घोषणा

निर्वाचन आयोग ने कल असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा की। असम, केरल और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को मतदान होगा, जबकि तमिलनाडु में 23 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं पश्चिम बंगाल में दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा। सभी जगह मतगणना 4 मई को होगी और आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

लोकसभा अध्यक्ष- पत्र

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन के सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को पत्र लिखकर लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा और प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए गंभीर चिंतन और आत्मनिरीक्षण का आग्रह किया है। पत्र में श्री बिरला ने कुछ सांसदों द्वारा सदन के भीतर बैनर, तख्तियां, पोस्टर प्रदर्शित करने और आपत्तिजनक भाषा के प्रयोग पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति पर हम सभी को व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से गंभीरतापूर्वक विचार करना आवश्यक है।

जनजातीय सम्मेलन, नेपानगर-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल बुरहानपुर जिले के नेपानगर में जनजातीय सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र को 363 करोड़ से अधिक के 127 विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने दो बड़ी सिंचाई परियोजनाओं को मंजूरी देने की जानकारी दी, जिससे 34 हजार से अधिक किसान परिवारों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि नए बजट में जनजातीय कल्याण के लिए 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर 47 हजार 428 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है।

अच्छी खबर

बूंद-बूंद पानी से खेतों में खुशहाली आ रही है। बैतूल जिले में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना किसानों की तकदीर बदल रही है। पारंपरिक खेती छोड़कर उद्यानिकी फसलों की तरफ रुख करने वाले किसान अब अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। इस बदलाव की एक प्रेरक कहानी है बैतूल के किसान अखिलेश सोनी की। विस्तार से बता रहे हैं हमारे बैतूल संवाददाता मयंक भार्गव....

रिपोर्ट-संवाददाता

गैस सिलेंडर- समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश में गैस आपूर्ति व्यवस्था की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। केंद्र सरकार ने नागरिकों से अनावश्यक पैनिक बुकिंग न करने की अपील की है और डिजिटल माध्यम से बुकिंग करने की सलाह दी है। एलपीजी के दो जहाज कल तक गुजरात के कांडला और मुंद्रा बंदरगाह पहुंच जाएंगे। प्रदेश में कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई में 1357 सिलेंडर जब्त किए गए हैं और 8 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है।

गैस आपूर्ति समीक्षा-उप मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कल रीवा में घरेलू गैस आपूर्ति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बुकिंग का बैकलाग जल्द खत्म हो और लोगों को समय पर सिलेंडर मिले। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि सर्वर ठीक होने से ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो गई है और वितरण जारी है।

शराब जब्त-पुलिस

पिछले दो हफ्तों में प्रदेश पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ जोरदार मुहिम चलाई है। इस दौरान एक करोड़ 83 लाख रुपये से ज्यादा की शराब और गाड़ियां जब्त की गई हैं। मंदसौर में सोयाबीन की बोरियों में छुपाकर ले जाई जा रही 350 पेटी शराब पकड़ी गई। इंदौर में एक ही परमिट से दो गाड़ियों में शराब ले जाने पर 80 लाख रुपये की बीयर जब्त हुई। वहीं नीमच में 35 मामले दर्ज कर 41 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

गीता भवन-प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी 413 शहरों में गीता भवन बनाए जाएंगे। इसके लिए बजट में 60 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

पद्म पुरस्कार-नामांकन

केंद्र सरकार ने पद्म पुरस्कार 2027 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। इसकी अंतिम तारीख 31 जुलाई है। नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। खास बात यह है कि कोई भी नागरिक अपना स्व-नामांकन भी कर सकता है। पुरस्कारों की घोषणा अगले साल गणतंत्र दिवस पर की जाएगी।

मौसम

प्रदेश में इन दिनों तेज गर्मी पड़ रही है। इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में दिन के समय सड़कें सुनसान हैं। मौसम विभाग ने अगले दो दिन और गर्मी बने रहने का अनुमान जताया है। हालांकि 18 और 19 मार्च को नए पश्चिमी विक्षोभ के कारण कई जिलों में बारिश हो सकती है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सरफ़राज़ अहमद ने कल इंटरनेशनल क्रिकेट से सन्यास की घोषणा की।
- खंडवा में कृषक कल्याण वर्ष के तहत आज से दो दिवसीय मिलेट्स मेला एवं कृषक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। वहीं जिले में आज संकल्प से समाधान अभियान के तहत दो स्थानों पर शिविर भी लगाए जाएंगे।
- आगरमालवा जिले में महिलाएं पारिवारिक सौहार्द के 16 दिवसीय उत्सव गणगौर पर्व को हर्षोल्लास से मना रही हैं।
- मंदसौर के गांधीसागर जल विद्युत गृह की 65 वर्ष पुरानी पांचों इकाइयों का 418 करोड़ की लागत से आधुनिकीकरण किया गया।
- पन्ना में शासकीय सेवकों के लिए सूचना का अधिकार विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण 25 और 26 मार्च को आयोजित किया जाएगा।
- ईद, नवरात्रि और रामनवमी को लेकर रायसेन में पुलिस ने फ्लैग मार्च कर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।
- शाजापुर में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर कलेक्टर कार्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- जबलपुर में घर में अवैध गैस सिलेंडर रखने की सूचना पर राजस्व, खाद्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी की।
- भोपाल के जनजातीय संग्रहालय में कल सागर और डिंडोरी के कलाकारों ने बधाई नृत्य और गोंड जनजातीय गुदुमबाजा नृत्य की प्रस्तुति दी।
- कनाडा के फोर्ट सेंट जॉन शहर में उज्जैन के छात्र गुरकीरत सिंह मनोचा की एक विवाद में हमले के बाद गंभीर चोट लगने से मौत हो गई, परिवार को कल इसकी सूचना मिली।
- ग्वालियर में स्कूली बच्चों को सस्ती दर पर किताबें और यूनीफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए इस महीने शिल्प बाजार परिसर में सात दिवसीय पुस्तक मेला लगेगा।

-------------